<u>संघ लोक सेवा आयोग</u>

<u>प्रेस नोट</u>

<u>अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ईडब्ल्यूएस/पीडब्ल्यूबीडी श्रेणियों के उम्मीदवारों के लिए हेल्पलाइन</u>

दिनांक : 20 अक्तूबर, 2021

भारत की स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक उपलक्ष्य में देश **"आजादी का अमृत महोत्सव"** मना रहा है। इस भव्य समारोह का हिस्सा बनने के उद्देश्य से तथा इस दिशा में प्रयास के तौर पर संघ लोक सेवा आयोग ने एक **'हेल्पलाइन'(टोल फ्री नंबर 1800118711)** शुरू की है, जिसका उद्देश्य अनुसूचित जाति(अ.जा.), अनुसूचित जनजाति(अ.ज.जा.), अन्य पिछड़े वर्गों(अ.पि.व.), आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों(ईडब्ल्यूएस) तथा बेंचमार्क विकलांगता वाले (पीडब्ल्यूबीडी) उन उम्मीदवारों की सहायता करना है, जिन्होंने आयोग की परीक्षाओं/भर्तियों आदि के लिए आवेदन किया है या ऐसा करने के इच्छुक हैं। यह पहल, आयोग के उन प्रयासों का हिस्सा भी है जो वह उम्मीदवारों की सुविधा के दृष्टिकोण से निरंतर करता रहता है। यह हेल्पलाइन सभी कार्य दिवसों (कार्यालय समय के दौरान) में प्रचालित रहेगी। उपर्युक्त श्रेणी के उम्मीदवारों को यदि किसी परीक्षा/भर्ती के आवेदन पत्र को भरने में कठिनाई हो रही हो या आयोग की परीक्षाओं/भर्तियों के संबंध में उनके कोई सवाल हों तो वे इस विशेष हेल्पलाइन के जरिए संपर्क कर सकते हैं।

****